# आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य तथा
श्री दिनेश मोहन सिन्हा, न्यायिक सदस्य के समक्ष

आ.अ.सं. 560/इंदौर/2024
निर्धारण वर्ष : 2012-13

| | | |
|---|---|---|
| श्री हितेश कुमार कासलीवाल, 34, अरविंद नगर, उज्जैन | बनाम | आयकर उपायुक्त, वृत्त 1(1), उज्जैन |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं- एसीवीपीके 2476 एम PAN- ACVPK2476M | | |

| | |
|---|---|
| अपीलार्थी की ओर से | सुश्री सोनम खंडेलवाल, एडवोकेट |
| राजस्व की ओर से | श्री आशीष पोरवाल, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 10.02.2025 |
| उद्घोषणा तिथि | 27.02.2025 |

## आदेश

श्री दिनेश मोहन सिन्हा, न्यायिक सदस्य द्वारा

निर्धारण वर्ष 2012-13 से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील), नेशनल फेसलेस अपील सेंटर, दिल्ली के आदेश दिनांक 24.06.2024 के विरूद्ध अपील के आधारों में वर्णित आधारों पर निदेशित है ।

2. इस अपील के संबंध में निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने आवेदन दिनांक 07.02.2025 के द्वारा निवेदन किया है कि निर्धारिती ने "**प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना, 2024**" के अधीन आवेदन किया है तथा फार्म सं. 1 रसीद सं. 833585000210125 के द्वारा आयकर विभाग को प्रस्तुत किया है । निर्धारिती द्वारा फार्म सं. 1 की प्रति भी दाखिल की गई हैं । अतः निर्धारिती वर्तमान अपील का अनुसरण करने की इच्छुक नही है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने उपरोक्त कारण से वर्तमान अपील को वापिस लेने की

अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है। अतः हम इस अपील को वापिस लिए जाने की अनुमति प्रदान करते है तथा इसे वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं ।

3. यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार, विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि उसका इस योजना में भाग लेने हेतु किया गया आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से अस्वीकृत किया जाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारिती की अपील वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है ।

यह आदेश 27.02.2025 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया है।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (बी.एम. बियाणी) | (दिनेश मोहन सिन्हा) |
| लेखा सदस्य | न्यायिक सदस्य |

दिनांक : 27.02.2025

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फाईल